सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 26 सितम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में अपर महानिदेशक एनसीसी, मुख्यालय देहरादून मेजर जनरल अतुल रावत ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को एनसीसी के 'माउंट अबी गमिन' पर्वतारोहण अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान 3 सितंबर से 28 सितंबर 2024 तक आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य वर्ष 2025 में प्रस्तावित माउंट एवरेस्ट अभियान के लिए योग्य कैडेट्स का चयन और प्रशिक्षण था।

एडीजी ने बताया कि इस पर्वतारोहण अभियान में कुल 34 एनसीसी कैडेट्स ने प्रतिभाग किया जिसमें 16 सीनियर विंग एवं 18 सीनियर डिवीजन के कैडेट्स थे। इन 34 एनसीसी कैडेट्स में से 12 कैडेट्स उत्तराखण्ड राज्य के थे जिनके द्वारा इस अभियान में प्रतिभाग कर चमोली स्थित अबी गमन चोटी तक पहुंचे थे। सभी एनसीसी निदेशालयों से आए कैडेट्स के बीच हुए कठोर शारीरिक परीक्षणों में उत्तराखंड के कैडेट्स ने शानदार प्रदर्शन किया।

उन्होंने बताया अभियान के समापन के बाद 28 सितंबर 2024 को राजभवन में फ्लैग–इन समारोह आयोजित किया जाएगा।

............0............